( राजस्थान–सरकार )

# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ (राज.)

पीठासीन अधिकारी दिवांशु शर्मा (आर.ए.एस.)

**प्रकरण संख्या :– 29 / 2023**

**पंजीकरण सं. :– 2023 / 212**

बउनवान

सरकार जरिये थानाधिकारी पुलिस थाना छीपाबडौद जरिये जिला पुलिस अधीक्षक महोदय बारॉ (सायल)

बनाम

विनोद उम्र 44 वर्ष पुत्र घांसीलाल जाति तेली निवासी तेलियों का मोहल्ला छीपाबडौद जिला बारॉ (गैरसायल)

**इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3**

उपस्थिति :– 1– अभियोजन अधिकारी (सायल)
2– स्वयं उपस्थित (गैरसायल)

## निर्णय दिनांक 16.04.2024

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल विनोद पुत्र घांसीलाल जाति तेली निवासी तेलियों का मोहल्ला छीपाबडौद जिला बारां के विरूद्व जिला पुलिस अधीक्षक, बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना छीपाबडौद जिला बारां ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना छीपाबडौद क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। गैरसायल जुआ एक्ट, अवैध शराब बिक्री के अपराधों का आदि है। इसके विरूद्व पुलिस थाना छीपाबडौद में वर्ष 2009 से वर्ष 2023 तक कुल 08 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ (07) 19 / 54 एक्साइज एक्ट (01) के तहत दर्ज हुए है। उक्त प्रकरणो मे से 04 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ के तहत गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्व कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समाजकंटक के विरूद्व राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसको जिले की सीमा से निष्कासन किया जावे।

इस प्रकार गैरसायल द्वारा आपराधिक कार्य किये जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता में भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसायल समस्त प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। यह गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा–3 के तहत कार्यवाही की जाकर इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश दिये जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Divanshu Sharma
Date: 2024.05.21 12:57:54 IST
Reason: SelfAttested

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 04.09.2023 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओं को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया। गैरसायल द्वारा स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दी गई। प्रकरण में गैरसायल के द्वारा जवाब प्रस्तुत नही कर अंतिम बहस सुनी जाने हेतु निवेदन करने पर प्रकरण में गैरसायल का जवाब बन्द किया जाकर उभयपक्ष की अंतिम बहस सुनी गई।

दौराने बहस अभियोजन अधिकारी सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना छीपाबडौद में वर्ष 2009 से वर्ष 2023 तक कुल 08 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ (07) 19/54 एक्साइज एक्ट (01) के तहत दर्ज हुए है। उक्त प्रकरणो मे से 04 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ के तहत गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है। फिर भी इसकी आपराधिक गतिविधियॉ जारी है तथा लगातार अपराधों की ओर अग्रसर हो रहा है। इसकी आम शौहरत भी ठीक नहीं है। इसका आम जनता में भय एवं आतंक बना हुआ है। इसके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट करने अथवा गवाही देने से डरता है। इसकी इन आपराधिक गतिविधियों के कृत्य से लोक व्यवस्था एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। अतः उपरोक्त समाजकंटक के विरूद्व राजस्थान गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु इस्तगासा प्रेषित कर विधिवत कार्यवाही करते हुए इसको जिले की सीमा से निष्कासन किया जावे।

**इसके विपरीत गैरसायल द्वारा** दौराने बहस कथन किया गया कि मेरे विरूद्व पुलिस थाना छीपाबडौद में वर्ष 2009 से वर्ष 2023 तक कुल 08 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ (07) 19/54 एक्साइज एक्ट (01) के तहत दर्ज हुए है। उक्त प्रकरणो मे से 04 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ के तहत न्यायालय से सजायाब किया गया है। वर्तमान मे उक्त कार्य मेरे द्वारा बन्द कर दिया गया है। मैं एक गरीब व्यक्ति हूं एवं परिवार का मुखिया होने के कारण परिवार के पालन–पोषण की जिम्मेदारी मुझ पर है। अतः निवेदन है कि मेरे विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत इस्तगासा खारिज फरमाया जावे।

प्रकरण मे अभियोजन अधिकारी पक्ष सरकार एवं गैरसायल की बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखों का अवलोकन किया जाकर, मनन किया गया। गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना छीपाबडौद में वर्ष 2009 से वर्ष 2023 तक कुल 08 आपराधिक प्रकरण अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ (07) 19/54 एक्साइज एक्ट (01) के तहत दर्ज हुए है। उक्त प्रकरणो मे से 04 प्रकरणो मे अन्तर्गत धारा 13 आरपीजीओ के तहत गैरसायल न्यायालय से सजायाब हो चुका है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों के अनुसार यह साबित होता है कि विनोद पुत्र घांसीलाल जाति तेली निवासी तेलियों का मोहल्ला छीपाबडौद जिला बारां द्वारा उक्त अपराध किए गए है जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2(आ) की परिभाषा में आना पूर्णतया सिद्व है क्योंकि धारा 2(आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल को कुल 04 प्रकरणों में न्यायालय से सजायाब किया जा चुका है।

अतः गैरसायल विनोद पुत्र घांसीलाल जाति तेली निवासी तेलियों का मोहल्ला छीपाबडौद जिला बारां को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूँ तथा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 (3) (क) के प्रावधानों के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना क्षेत्र, छीपाबडौद जिला बारां से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूँ।

गैरसायल विनोद पुत्र घांसीलाल जाति तेली निवासी तेलियों का मोहल्ला छीपाबडौद जिला बारां को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना क्षेत्र छीपाबडौद जिला बारां से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि में अपनी उपस्थिति प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना, छबडा जिला बारॉ को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नहीं करेगा जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात् इस अवधि में पूर्ण सच्चरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधि में भाग नहीं लेगा।

गैरसायल के विरूद्व यह आदेश दिनांक 02.05.2024 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना छबडा जिला बारॉ को दी जावें। थानाधिकारी पुलिस थाना, छीपाबडौद जिला [illegible] तहरीर दी जावे जिसमें यह लिखा जावें कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना छीपाबडौद जिला बारां क्षेत्र से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना छबडा जिला [illegible] इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक 16.04.2024 को खुले इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

( दिवांशु शर्मा )
अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारॉ

Signature Not Verified
Digitally signed by Divanshu Sharma
Date: 2024.05.21 12:57:54 IST
Reason: SelfAttested